बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
BILASPUR VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 401 / परीक्षा–गोपनीय / 2018 दिनांक 07.09.2018

–::अधिसूचना::–

बिलासपुर विश्वविद्यालय, बिलासपुर से सत्र 2017–18 में संबद्ध डी.एल.एस. महाविद्यालय, बिलासपुर के बी.एससी. भाग–1 की मुख्य परीक्षा–2018 में सम्मिलित नियमित / स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जारी किये जाने के उपरांत पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन के हेतु विश्वविद्यालय के परीक्षा पोर्टल **http://exam.bucgexam.in** में ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 07.09.2018 से प्रारंभ की जा रही है।

पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि दिनांक 07.09.2018 से 21.09.2018 तक निर्धारित की जाती है। ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन आवेदन की प्रिंट आउट एवं भुगतान किये गये शुल्क / फीस की पावती दिनांक 22.09.2018 तक परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय में जमा करें। यदि मूल अंकसूची छात्र / छात्राओं को महाविद्यालय से प्राप्त हो गयी है, तो मूल अंकसूची को भी पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन आवेदन के साथ महाविद्यालय में जमा करें। यदि मूल अंकसूची छात्र / छात्राओं को मूल अंकसूची प्राप्त नहीं हुई हो तो विश्वविद्यालय द्वारा वेबसाईट पर जारी परीक्षा परिणाम / अस्थायी अंकसूची की छायाप्रति पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन आवेदन के साथ संलग्न कर महाविद्यालय में जमा करें।

महाविद्यालय परीक्षार्थियों के पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन आवेदन उपरोक्तानुसार समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनांक 24.09.2018 को विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करेंगे।

आदेशानुसार

7.9.18

परीक्षा नियंत्रक
बिलासपुर विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / 402 / परीक्षा–गोपनीय / 2018 दिनांक 07.09.2018

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय / कुलसचिव जी के सादर सूचनार्थ।
2. प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य, डी.एल.एस. महाविद्यालय, बिलासपुर को महाविद्यालय के ई–मेल आई.डी. पर ई–मेल के माध्यम से सूचनार्थ। परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन करने हेतु सूचित करें।

07.9.2018

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
बिलासपुर विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)